दिनांकः 24.11.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।
- प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव परिणाम को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं की जीत बताया–प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा–पार्टी को जनादेश स्वीकार है।
- केन्द्र सरकार ने कल से शुरू होने वाले संसद के शीतकालीन सत्र से पहले आज सर्वदलीय बैठक बुलाई है।
- सिखों के नौवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर का शहीदी दिवस आज मनाया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 116वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर प्रसारित होगा। ये कार्यक्रम आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध रहेगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डी.डी. न्यूज, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सुना जा सकता है। हिंदी में प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी मन की बात कार्यक्रम को प्रसारित किया जाएगा।

प्रदेश की सात विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने पांच और कांग्रेस तथा भारत आदिवासी पार्टी ने एक–एक सीट पर जीत हासिल की है। भाजपा ने खींवसर, झुंझुनूं, देवली–उनियारा, सलूम्बर और रामगढ़ सीट पर कब्जा जमाया। वहीं कांग्रेस ने दौसा और भारत आदिवासी पार्टी ने चौरासी सीट अपने नाम की। उपचुनावों के परिणामों पर भाजपा खेमे में खुशी की लहर है। पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने आतिशबाजी कर और एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस जीत को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रीति–नीति और भाजपा कार्यकर्ताओं की जीत बताया।

..............

उधर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने उपचुनाव परिणाम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इन परिणामों को पार्टी सहर्ष स्वीकार करती है। मीडिया से बातचीत में श्री डोटासरा ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि आने वाले समय में पार्टी को कामयाबी जरूर मिलेगी। श्री डोटासरा ने कहा कि अधिकतर समय चुनाव परिणाम सत्ताधारी पार्टी के पक्ष में ही जाते हैं।

...............

वहीं महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने शानदार जीत हासिल की है। झारखंड में, झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन ने सत्ता बरकरार रखी है।

केन्द्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास भी, विरासत भी विजन पर बल देते हुए कहा है कि पिछले 10 वर्षों में देश में तेजी से विकास हुआ है। नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण के 14वें स्थापना दिवस समारोह में उन्होंने सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में स्मारकों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत अब अपनी संस्कृति, योग और वास्तुकला के लिए विश्व स्तर पर पहचाना जा रहा है। श्री शेखावत ने राष्ट्रीय स्मारकों के संरक्षण और सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण की सराहना की।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि अजमेर के स्मारक और विरासतों का नामकरण भारतीय संस्कृति के अनुरूप होगा। श्री देवनानी ने अजमेर जिले के कोटड़ा में साढे छह करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत की 2 सड़कों के शिलान्यास कार्यक्रम में ये बात कही। उन्होंने कहा कि हाल ही में

खादिम होटल का नाम बदलकर अजयमेरू किया गया है और तेलंगाना हाउस का आवंटन निरस्त कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में फॉयसागर का नाम बदल कर वरूण सागर और किंग एडवर्ड मेमोरियल का नाम बदल कर महर्षि दयानन्द मेमोरियल किया जाएगा।

कल से शुरू होने वाले संसद के शीतकालीन सत्र से पहले सरकार ने आज सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। बैठक में सरकार सत्र के दौरान लोकसभा और राज्यसभा में सुचारू कामकाज सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील करेगी। शीतकालीन सत्र 20 दिसम्बर तक चलेगा। 26 नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर पर संसद की बैठक नहीं होगी।

झालावाड जिले के झालरापाटन में महाराणा प्रताप चौराहा पर कल पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे और झालावाड़–बारां सासंद दुष्यन्त सिंह ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर श्रीमती राजे ने प्रतिमा स्थापित करने में सहयोग देने वाले भामाशाहों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने महाराणा प्रताप की शौर्य गाथा का भी जिक्र किया। इस दौरान जिले में कई विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया।

सिखों के नौवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर का आज शहीदी दिवस मनाया जा रहा है। 1675 में आज ही के दिन श्री गुरु तेग बहादुर जी ने धर्म, मानवीय मूल्यों, आदर्शों और सिद्धांतों की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया था। उनके बलिदान को हर वर्ष शहीदी दिवस के रूप में याद किया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने श्री गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने मानवता और धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। श्रीमती मुर्मू ने लोगों से श्री गुरु तेग बहादुर की शिक्षाओं को अपनाने और उनके महान आदर्शों का अपने जीवन में अनुसरण करने को कहा।

केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने कल नई दिल्ली में हज सुविधा एप 2.0 का शुभारंभ किया। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की हज समितियों के अध्यक्षों के सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि इस्लाम का हर अनुयायी अपने जीवनकाल में कम से कम एक बार हज यात्रा पर जाना चाहता है। श्री रिजिजू ने कहा कि इस बार सरकार ने हज यात्रियों को बेहतरीन सुविधाएं, सेवाएं और अनुभव प्रदान करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने बताया कि पिछले साल साढे चार हजार भारतीय मुस्लिम महिलाएं बिना मेहरम के हज यात्रा पर गई थीं।

संसदीय कार्य और न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने कल हनुमानगढ़ के गोगामेड़ी में विधि प्रकोष्ठ के प्रांत सम्मेलन में शिकरत की। उन्होंने सम्मेलन में प्रकोष्ठ से जुड़े अधिवक्ताओं और कार्यकर्ताओं के साथ समाज और राष्ट्रहित के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।

वहीं बारां में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने मिनी सचिवालय सभागार में अधिकारियों की बैठक कर परवन परियोजना के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने किसानों को निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति करने को भी कहा। इस दौरान जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

प्रदेश में तापमान में उतार–चढाव के बीच ठंड का असर जारी है। प्रदेश के एकमात्र पर्वतीय पर्यटन स्थल माउंट आबू में तापमान में थोडी बढोतरी हुई है। वहां रात का तापमान 6 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

गोवा में 55वें भारत अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव–इफ्फी में युवा बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं। इस वर्ष महोत्सव की थीम है–यंग फिल्म मेकर : द फ्यूचर इज़ नॉव। क्रिएटिव माइंड्स ऑफ टूमॉरो और बेस्ट डेब्यू डायरेक्टर जैसे युवा केन्द्रित चैलेंज आयोजित करने के अलावा, सरकार ने महोत्सव में देशभर से चार सौ से अधिक युवा फिल्म विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित की है।